# अवैध कब्जों पर जेडीए की जीरो टॉलरेंस, सोमवार से शुरू होगा साप्ताहिक अभियान




आयुक्त सिद्धार्थ महाजन ने बुधवार को प्रवर्तन शाखा की समीक्षा बैठक ली ।

- अवैध कब्जों पर जेडीए का वज्रपातः दो माह में 233 करोड़ की 37 बीघा सरकारी जमीन अवैध कब्जा मुक्त

**जयपुर, ( निस )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के भ्रष्टाचार, अतिक्रमण अनियमितताओं के खिलाफ जीरो टॉलरेंस और सुशासन के विजन के अनुरूप जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) द्वारा सरकारी जमीनों को अतिक्रमण मुक्त करने का अभियान निरंतर जारी है। इसी कड़ी में आयुक्त सिद्धार्थ महाजन ने बुधवार को प्रवर्तन शाखा की समीक्षा बैठक ली । बैठक में ।महाजन ने ज़ोन 10,13,14,15,16,22,23,24 और ज़ोन 25 कि कार्य प्रगति की समीक्षा की । बैठक में बताया गया की आयुक्त श्री सिद्धार्थ महाजन द्वारा प्रदत्त सपष्ट निर्देशों की अनुपालना में जेडीए की प्रवर्तन शाखा ने कड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए पिछले दो माह में बेशकीमती सरकारी भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कराया है।

**37 बीघा भूमि अतिक्रमण मुक्त, बाजार कीमत 233.40 करोड़ रुपये:** प्रवर्तन शाखा द्वारा की गई कार्रवाई के तहत केवल जनवरी और फरवरी माह में ही कुल 37 बीघा सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया है, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत लगभग 233.40 करोड़ रुपये आंकी गई है। महाजन ने बताया की जनवरी 2026 में प्रवर्तन दस्ते ने जयपुर के विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए करीब 17 बीघा भूमि से अवैध कब्जे हटाए।


इस भूमि की अनुमानित राशि 173.40 करोड़ रुपये है , इसके अतिरिक्त फरवरी माह के प्रथम पखवाड़े में ही त्वरित कार्रवाई करते हुए करीब 20 बीघा भूमि को खाली करवाया गया, जिसकी बाजार कीमत लगभग 60 करोड़ रुपये है। जेडीए द्वारा की गई इस बड़ी कार्रवाई से अवैध कॉलोनी काटने वाले और अतिक्रमण करने वाले तत्वों में हड़कंप है। **सख्ती से निपटा जाएगा आवांछित तत्वों से:** आयुक्त सिद्धार्थ महाजन ने कहा कि जेडीए की सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा स्वीकार्य नहीं किया जाएगा।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अतिक्रमण की सूचना मिलते ही नियमानुसार चालान पेश कर तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सोमवार से साप्ताहिक अभियान शुरू कर इसी गति से सरकारी संपत्ति पर अतिक्रमण के सभी लम्बित मामलों में प्रभावी कार्रवाई की जाए उन्होंने कहा कि सरकारी संपत्तियों को सुरक्षित रखने के लिए जेडीए प्रतिबद्ध है और राज्य सरकार की मंशानुरूप सुनियोजित नगरीय विकास सुनिश्चित करने के लिए निरंतर कार्यरत है ।

महाजन ने आमजन से शहर के नियोजित विकास में सहभागी बनने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जयपुर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए नागरिक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। अवैध निर्माण, कब्जा या सरकारी भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत के लिए जेडीए द्वारा 247 कंट्रोल रूम और डिजिटल पोर्टल संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि आमजन स्वयं उपस्थित होकर या कन्ट्रोल रूम हेल्पलाईन नं. 0141 2565800, 0141 2575252, 01412575151 पर 247; हेल्पलाईन 181 राजस्थान सम्पर्क पोर्टल एवं मेल पर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते है।बैठक में अतिरिक्त आयुक्त श्री भागचंद बधाल, अतिरिक्त आयुक्त भूमि प्रतिभा पारीक, मुख्य प्रवर्तन नियंत्रक श्रीमति शिल्पा चौधरी सहित ज़ोन उपायुक्त एवं अन्य उच्च अधिकारी उपस्थित रहे ।

## चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भर्ती में अधिक अंक के बावजूद चयन नहीं करने पर मांगा जवाब

**जयपुर, ( निसं )।** राजस्थान हाईकोर्ट ने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भर्ती में कट ऑफ से अधिक अंक होने के बावजूद अभ्यर्थी का चयन नहीं करने और उसकी कैटेगरी नहीं बदलने के मामले में प्रमुख कार्मिक सचिव और राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के सचिव से जवाब मांगा है। जस्टिस आनंद शर्मा की एकलपीठ ने यह आदेश राधेश्याम जाटव की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए। याचिका में अधिवक्ता विजय पाठक ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता ने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भर्ती में एससी वर्ग के दिव्यांग कोटे में आवेदन किया था। आवेदन करने के दौरान ई-मित्र संचालक की गलती के चलते चयन बोर्ड ने उसे एससी वर्ग में माना और दिव्यांग कोटे का लाभ नहीं दिया। वहीं बोर्ड की ओर से जारी परिणाम में याचिकाकर्ता के एससी दिव्यांग कोटे की कट ऑफ से अधिक अंक आए। इस पर याचिकाकर्ता ने बोर्ड के समक्ष समस्त प्रमाण पत्रों के साथ कैटेगरी बदलने के लिए अभ्यावेदन दिया, लेकिन उस पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। जबकि याचिकाकर्ता के पास मेडिकल बोर्ड की ओर से जारी दिव्यांग प्रमाण पत्र सहित सभी जरूरी दस्तावेज है।



राजस्थान प्रशासन में वरिष्ठ आई.ए.एस. अफसर, संदीप वर्मा, द्वारा प्रसिद्ध अभिनेताओं के पेंसिल से बने रेखाचित्रों की प्रदर्शनी राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर ( आर.आई.सी. ) में 5 से 8 मार्च तक प्रदर्शित की जाएगी। 5 मार्च को दोपहर एक बजे केबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ इस प्रदर्शनी का शुभारंभ करेंगें। इस प्रदर्शनी में कई जाने-माने अभिनेता जैसे अनुपम खेर, चित्रांगदा सिंह और कंगना रनौत व अन्य के चित्र देखें जा सकते हैं। गौरतलब हे कि इन्हीं दिनों अनुपम खेर व मैथाली ठाकुर में स्वंय भी आर.आई.सी में किसी अन्य कार्यक्रम में आएंगें और इस प्रर्दशनी को भी देखने आएंगें।

## रेजीडेंसी गाड्र्स और पुलिस की तत्परता से टला बड़ा हादसा

- हाइड्रोलिक फायर ब्रिगेड से बचाई गई 80 वर्षीय बुजुर्ग की जान

**जयपुर।** श्याम नगर थाना इलाके में मंगलवार सुबह 10 मंजिला अपार्टमेंट के छठे फ्लोर स्थित एक फ्लैट में भीषण आग लग गई। आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने रेजीडेंसी गाड्र्स की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर पूरी बिल्डिंग खाली करवाई। छत पर फंसे दो परिवारों को हाइड्रोलिक फायर ब्रिगेड की सहायता से सुरक्षित नीचे उतारा गया।

थानाधिकारी दलवीर सिंह ने बताया कि जनपथ स्थित अलौकिक स्वरूप रेजिडेंसी नामक 10 मंजिला अपार्टमेंट में करीब 200 लोग निवास करते हैं। मंगलवार सुबह करीब 6:30 बजे छठी मंजिल पर रहने वाले कमल के फ्लैट में आग लग गई। आग की लपटें उठती देख कमल अपने परिवार सहित तुरंत बाहर निकल आए, लेकिन देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और पूरे अपार्टमेंट में धुएं का गुबार फैल गया।

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और रेजिडेंसी गाड्र्स की मदद से सभी फ्लैट्स से लोगों को बाहर निकाला। इस दौरान दो परिवारों के आठ सदस्य जान बचाने के लिए लिफ्ट से छत पर पहुंच गए। आग बढ़ने पर वे नीचे उतरना चाहते थे,लेकिन वायरिंग जल जाने से लिफ्ट बंद हो गई और वे छत पर ही फंस गए। इनमें 80 वर्षीय चलने-फिरने में असमर्थ बुजुर्ग महिला भी शामिल थीं। फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। धुएं से पूरा अपार्टमेंट भर गया था। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान कांस्टेबल अंकित और मुखराम पांचवीं मंजिल तक पहुंचे और वहां लगे कांच तोड़कर धुआं बाहर निकाला। जिससे अंदर फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर लाया जा सका।

हाइड्रोलिक फायर ब्रिगेड की मदद से छत पर फंसे दोनों परिवारों को सुरक्षित नीचे उतारा गया। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग से फ्लैट पूरी तरह जल गया और उसमें रखा सामान राख हो गया, जिससे लाखों रुपए के नुकसान का अनुमान है। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।

## शेखावाटी के चंग से लेकर ब्रज की होली का छाया सुरूर

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को आमजन के साथ होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। मुख्यमंत्री निवास पर हुए होली महोत्सव में प्रदेशभर से हजारों की संख्या में आए लोगों ने फूलों और प्राकृतिक रंगों के साथ यह त्योहार मनाया। शर्मा ने सपत्नीक आमजन को गुलाल लगाया और फूलों की वर्षा कर पूरी आत्मीयता के साथ अभिनन्दन किया। होली के पावन पर्व पर प्रदेशभर की संस्कृति एक छत के नीचे नजर आई, जब ब्रज से लेकर शेखावाटी तक की होली के विभिन्न रूप देखने को मिले। ब्रज से आए भारतीय कला संस्थान के कलाकारों एवं भजन मंडली ने गायन और नृत्य के साथ समां बांधा। वहीं, शेखावाटी के फतेहपुर की गो वत्स फाग मंडली के कलाकारों ने चंग के साथ धमाल मचाया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने भी कलाकारों के बीच जाकर फाल्गुन के गीतों में साथ निभाया।बच्चे हों, बूढ़े हों, महिला हों या जवान सभी में मुख्यमंत्री के साथ होली खेलने को लेकर अलग ही उत्साह नजर आया।

## सड़क आधी अधूरी बनी, फिर भी निजी फर्म को किया 4.25 करोड़ का भुगतान

- जलदाय विभाग ने रोड कट दुरुस्त करने के लिए 4.25 करोड़ रुपए जेडीए में जमा करवाए थे, परंतु ठेकेदार साल भर में भी नहीं बना पाया सड़क
- बताया जा रहा है कि अब इसी सड़क को बनाने के लिए जेडीए के इंजीनियर नेवसेक्टर रोड के बजट को ठिकाने लगाने की कोशिश में जुटे है।

**जयपुर ( कासं )।** जयपुर विकास प्राधिकरण के जोन 12 में इंजीनियरों ने एक साल में जलदाय विभाग की रोड कट की सड़क आधी अधूरी बनाई और ठेकेदार को सवा चार करोड़ का भुगतान कर दिया। बाद में अब इसी सड़क को बनाने के लिए सेक्टर रोड के बजट को ठिकाने लगाने में लग गए हैं। इसके लिए सभी नियम कायदे कानून भी ताक में रख दिए हैं।

सूत्रों के मुताबिक जेडीए के जोन 12 में सड़क पर जलदाय विभाग में सिरसी मोड से सिवार मोड तक 4.25 करोड़ का टेंडर किया था। इसमें जलदाय विभाग ने पानी की लाइन डाल दी थी। सड़क बनाने का काम जेडीए को करना था। इसके लिए हरदयाल कंस्ट्रक्शन ने यह टेंडर लिया था।

इस काम में पुरानी सड़क और खराब सड़क पर डामरीकरण का काम होना था। इसमें ठेकेदार ने सही सड़क पर डामर कर दी जबकि खराब सड़क पर डामर नहीं की। इंजीनियर्स ने इस कदर जल्दबाजी की कि आधे अधूरे काम का भुगतान भी कर दिया जबकि आधी से ज्यादा सड़क का काम अधूरा था। इसके बावजूद ठेकेदार को भुगतान कर दिया।**सिरसी रोड पर भी यहीं हाल:** इसी तरह सिरसी रोड पर सीवर मोड़ से निमेड़ा का है। यहां पर पहले से ही 3 करोड़ 25 लाख का काम लालचंद तिवारी ने ले रखा है।उसमें आधा काम भी नहीं हुआ और भुगतान भी कर दिया। मावठ की एक ही बौछार में सड़क खराब हो गई थी। रियान गार्डन के सामने डामर पूरी उखड़ चुकी थी। उसके बावजूद भी ठेकेदार से गारंटी में उसे पर डाबर नहीं करवाई और भुगतान भी ले लिया। अब इंजीनियर पहले के बजट को खुर्द करने में लगे हैं और नई सेक्टर रोडू के बजट में से डामर करने की तैयारी चल रही है।**अधूरे काम सेक्टर रोड के बजट में कराने की तैयारी:** सूत्रों के मुताबिक जेडीए के ठेकेदारों ने आधा अधूरा काम करके भुगतान उठा लिया और अब जेडीए फिर से यहां सेक्टर रोड के 100 करोड़ के बजट में काम कराने की तैयारी कर रहा है। नीमेडा, सिवार मोड से सिरसी मोड और सी जोन बाइपास तक जेडीए ने सड़क बनाने में दस करोड़ रुपए खर्च कर ठेकेदारों को भुगतान कर दिया लेकिन हालात आज भी बदतर है। पूरी सड़क खुदी हुई है और आए दिन एक्सीडेंट हो रहे हैं।

**जेडीसी को भी गुमराह किया:** बताया जा रहा है कि इंजीनियर्स इसके लिए जेडीए आयुक्त सिद्धार्थ महाजन को भी गुमराह करने में लगे हुए हैं।

गत दिनों उद्योग मंत्री राज्यवर्द्धन सिंह के विधानसभा क्षेत्र की मीटिंग में उन्होंने सिरसी रोड पर आधी अधूरी सड़कों की बात की थी तो मौके पर निदेशक इंजीनियरिंग अजय गर्ग ने जल्द ही काम कराने का आश्वासन दिया था।

## सार-समाचार

### डॉ. सतीश पूनियां ने परिवार के साथ बाबा महाकाल के दर्शन कर आशीर्वाद लिया



**जयपुर।** भाजपा हरियाणा संगठन प्रभारी एवं भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने परिवार के साथ उज्जैन (मध्यप्रदेश) में बाबा महाकाल के दर्शन कर पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया एवं प्रदेश और देशवासियों की खुशहाली की कामना की।सतीश पूनियां ने धर्मपत्नी मोहिनी, सुपुत्र महीप पुत्रवधु शिप्पी एवं बेटी अनुष्का के साथ बाबा महाकाल की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया।पूनियां ने सनातन पर्व होली-धुलंडीकी प्रदेशवासियों को निरंतर उन्नित एवं दीर्घायु की कामना के साथ शुभकामनाएं दी हैं।उल्लेखनीय है कि पूनियां के 4 मार्च से आगामी 10,11 मार्च तक हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान के मारवाड़ एवं मेवाड़ के प्रवास कार्यक्रम प्रस्तावित हैं।

### अवैध देशी शराब बेचते युवक गिरफ्तार

**जयपुर।** श्यामनगर थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 58 पव्वे देशी शराब जब्त किए हैं। आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी एक प्रकरण दर्ज है। पुलिस उपायुक्त दक्षिण दिगंत किशोर शर्मा (आरपीएस) ने बताया कि अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त सोडाला सुनील प्रसाद शर्मा के सुपरविजन तथा थानाधिकारी दलबीर सिंह के निर्देशन में एएसआई अरीत कुमार, कांस्टेबल भंवर सिंह , पवन कुमार व अंकित कुमार की टीम गठित की गई। टीम ने मुखबिर सूचना पर कार्रवाई करते हुए अवैध देशी शराब बेचते हुए आरोपी सनी शर्मा (20) निवासी करधनी हाल श्यामनगर को गिरफ्तार किया। तलाशी में आरोपी के पास से 58 पव्वे अवैध देशी शराब बरामद किए गए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण संख्या 94/2026 धारा 19/54 आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी के खिलाफ पूर्व में श्याम नगर थाने में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत प्रकरण संख्या 34/2026 दर्ज है, जो विचाराधीन है।

### ग्राम विकास अधिकारी एक लाख की रिश्वत लेते गिरफ्तार



**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की सिरोही टीम ने कार्रवाई करते हुए ग्राम पंचायत अनादरा (पंचायत समिति रेवदर) के ग्राम विकास अधिकारी लक्ष्मी लाल को एक लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। इस मामले में उसके पुत्र अखिलेश कुमार को भी सह आरोपी बनाया गया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक गोविंद गुप्ता ने बताया कि एसीबी चौकी सिरोही को शिकायत मिली थी कि ग्राम आमला खेड़ा ग्राम पंचायत अनादरा में परिवादी के आवासीय भूखंड पर निर्माण स्वीकृति जारी करने तथा सीमांकन के दौरान क्षितग्रस्त हुई सीसी सड़क पर कानूनी कार्रवाई नहीं करने की एवज में ग्राम विकास अधिकारी एक लाख रुपये की रिश्वत मांग रहा है। शिकायत का सत्यापन करने के बाद एसीबी रेंज जोधपुर के उप महानिरीक्षक भुवन भूषण यादव के निकट पर्यवेक्षण तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामेश्वर लाल के नेतृत्व में ट्रैप कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान ग्राम विकास अधिकारी लक्ष्मी लाल ने अपने पुत्र अखिलेश कुमार के माध्यम से परिवादी से एक लाख रुपये की रिश्वत राशि प्राप्त की। इसके बाद पुत्र मौके से फरार हो गया। एसीबी टीम ने आरोपी से पूछताछ कर उसके पुत्र की निशानदेही पर कॉलोनी के एक खाली प्लॉट में गाड़ी हुई एक लाख रुपये की रिश्वत राशि बरामद कर ली। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### घर में जहरीला पदार्थ खाने से महिला की मौत

**जयपुर।** रामनगरिया थाना इलाके में जहरीला पदार्थ खाने से एक महिला की मौत का मामला सामने आया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।जांच अधिकारी एसआई गिरवर सिंह ने बताया कि जगतपुरा के कुसुम विहार निवासी प्रेम देवी (54) पत्नी कमलेश मीणा ने अपने घर पर जहरीला पदार्थ खा लिया। इसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई। परिजनों ने तत्काल उन्हें संभाला और गंभीर हालत में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।मेडिकल सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए जेएनयू अस्पताल की मोर्चरी भिजवाया। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में जहर से मौत होना सामने आया है। हालांकि एफएसएल रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि महिला ने कौन-सा विषैला पदार्थ सेवन किया था। मामले की जांच जारी है।

## जयपुर में 13वीं ढूँढाड़ की धमाल का भव्य आयोजन




जयपुर में आयोजित 13वीं ढूँढाड़ की धमाल कार्यक्रम का भव्य आयोजन जय क्लब में सम्पन्न हुआ।

**जयपुर ( निसं )।** 13वीं ढूँढाड़ की धमाल कार्यक्रम का भव्य आयोजन जय क्लब में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के संस्थापक अध्यक्ष विजयपाल कुमावत, कार्यक्रम संयोजक मनीष एवं उपाध्यक्ष ने दीप प्रज्वलन कर किया।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने अपने संबोधन में ढूँढाड़ क्षेत्र के लिए राज्य सरकार की विकास योजनाओं की जानकारी दी तथा आगामी 299वें जयपुर स्थापना दिवस के लिए जारी बजट प्रावधानों पर प्रकाश डाला।

परिषद के संस्थापक अध्यक्ष विजय पाल कुमावत ने अब तक आयोजित कार्यक्रमों की उपलब्धियों और भविष्य की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर राज्यसभा सदस्य ने सनातन धर्म की रक्षा में जयपुर के राजाओं के योगदान को रेखांकित किया। सांसद ने जयपुर की पारंपरिक होली और सांस्कृतिक विरासत पर विचार रखे। कार्यक्रम में आरएसएस के प्रांत प्रचारक तथा इतिहासकार ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

समारोह में विधायक , वित्त आयोग अध्यक्ष , पूर्व सांसद , पूर्व विधायक , भाजपा प्रदेश महामंत्री , प्रदेश मंत्री , भाजपा जयपुर शहर अध्यक्ष , कांग्रेस जयपुर शहर अध्यक्ष , पूर्व उपमहापौर , जयपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सहित ढूँढाड़ क्षेत्र के साहित्यकार, व्यापारी, उद्योगपति एवं हजारों गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## पॉक्सो एक्ट का इनामी आरोपी नासिक से गिरफ्तार

**जयपुर।** सदर थाना पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत वांछित चल रहे इनामी आरोपी को महाराष्ट्र के नासिक से गिरफ्तार किया है। आरोपी की गिरफ्तारी पर दो हजार रुपए का इनाम घोषित था। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भिजवा दिया है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) हनुमान प्रसाद ने बताया कि 17 जनवरी 2026 को सदर थाना क्षेत्र में एक परिवाद दर्ज कराया गया था। परिवाद के अनुसार 17 दिसंबर 2025 की रात परिवादिया की 10 वर्षीय पुत्री के साथ जबरन छेड़छाड़ व अपहरण के प्रयास की घटना हुई। बच्ची के शोर मचाने पर परिजन बाहर आए तो आरोपी उसे जबरन उठाकर ले जाने की कोशिश कर रहा था। शोर सुनकर आसपास के लोग एकत्रित हुए तो आरोपी मौके से फरार हो गया। आरोपी पास ही किराये से रहने वाला महेश नामक व्यक्ति था।

## नवनियुक्त कार्मिकों के प्रशिक्षण पर दिया बल

- पशुपालन विभाग के शासन सचिव डॉ समित शर्मा ने ली विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक

**जयपुर।** शासन सचिव पशुपालन, मत्स्य, डेयरी एवं गोपालन विभाग डॉ. समित शर्मा ने बुधवार को पशुधन भवन के सभागार में विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक के प्रारंभ में शासन सचिव ने उपस्थित सभी अधिकारियों को होली की शुभकामनाएं दीं। बैठक में पशुपालन निदेशक तथा आरएलडीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. सुरेश मीना, पशुपालन विभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉ. प्रवीण सेन, डॉ. विकास शर्मा, डॉ. हेमंत कुमार पंत तथा डॉ लक्ष्मण राव सहित विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में विभागीय योजनाओं की प्रगति, नि:शुल्क दवाई योजना, मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना, कृत्रिम गर्भाधान तथा फील्ड स्तर पर सेवाओं की गुणवत्ता को लेकर चर्चा की गई। बैठक में मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना तथा कृत्रिम गर्भाधान के क्षेत्र में प्रगति बढ़ाने के निर्देश प्रदान किए गए। शासन सचिव ने प्रत्येक जिले में नियमित मॉनिटरिंग की व्यवस्था सुनिश्चत करते हुए 31 मार्च तक लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

उन्होंने एफएमडी टीकाकरण के क्षेत्र में विभाग के काम की प्रशंसा करते हुए बड़े पैमाने पर टीकाकरण का इंद्राज भारत पशुधन एप पर करने के लिए विभाग के अधिकारियों को बधाई दी। शासन सचिव ने नवनियुक्त कार्मिकों के प्रशिक्षण पर बल देते हुए कहा कि बड़ी संख्या में मैन पावर हमारे पास उपलब्ध हैं हमें उन्हें काम में लेना चाहिए जिससे विभाग को उनका समुचित लाभ मिल सके।

## माइंस विभाग ने फरवरी माह तक 8,888 करोड़ 80 लाख रु. का रिकॉर्ड राजस्व संग्रहित किया



प्रमुख सचिव खान एवं भूविज्ञान टी. रविकान्त ने संयुक्त सचिव अरविन्द सारस्वत, व वरिष्ठ अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली

- अधिक का राजस्व संग्रहण, मार्च माह की रणनीति तय- प्रमुख सचिव टी. रविकान्त
- फरवरी माह में रिकॉर्ड 1060 करोड़ रु. का राजस्व संग्रहित

**जयपुर।** खान एवं भूविज्ञान विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतिम माह में 1500 करोड़ रुपए से अधिक का राजस्व संग्रहण का लक्ष्य तय करते हुए फील्ड स्तर पर राजस्व संग्रहण की रणनीति तय की है। प्रमुख सचिव खान एवं भूविज्ञान टी. रविकान्त ने बुधवार को खनिज भवन में संयुक्त सचिव श्री अरविन्द सारस्वत, निदेशक माइंस श्री एमपी मीणा व वरिष्ठ अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली।

उन्होंने बताया कि विपरीत परिस्थितियों के बावजूद खान विभाग द्वारा 12 फीसदी विकास दर के साथ फरवरी तक 8888 करोड़ 80 लाख रुपए का रेकार्ड राजस्व संग्रहित किया है। यह गत वित्तीय वर्ष के फरवरी माह तक के राजस्व संग्रहण से 952 करोड़ रु. से भी अधिक है। उन्होंने बताया कि माइंस विभाग के इतिहास में फरवरी माह में 1060 करोड़ रुपए के राजस्व संग्रहण का यह अब तक का नया रेकार्ड है। फरवरी माह में निर्धारित एक हजार करोड़ रुपए से अधिक राजस्व संग्रहण के लक्ष्य को अर्जित करने पर विभागीय अधिकारियों की पीठ थपथपाई। प्रमुख सचिव श्री टी. रविकान्त ने बजट घोषणाओं के समयवद्ध क्रियान्वयन के लिए अभी से कार्ययोजना तैयार करने और अप्रेल से खनिज ब्लॉकों और प्लॉटों के ऑक्शन की आवश्यक तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुरानी संभी तरह की बकाया राशि और संभावित राशि की वसूली पर फोकस करने के निर्देश दिए। मार्च माह में खान विभाग के सभी कार्यालयों को अवकाश के दिन भी खुले रखने के निर्देश संयुक्त सचिव माइंस श्री अरविन्द सारस्वत द्वारा जारी किये गये हैं।निदेशक माइंस महावीर प्रसाद मीणा फरवरी माह के निर्धारित लक्ष्यों के विरुद्ध अजमेर, जोधपुर, बीकानेर, उदयपुर, भीलवाड़ा, राजसमंद ने शतप्रतिशत से भी अधिक वसूली की है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि मार्च माह के निर्धारित लक्ष्यों को पूरा कर लिया जाएगा। बैठक में बकाया विधानसभा प्रश्नों के समय पर उत्तर तैयार कर भिजवाने, प्लॉट और ब्लॉक तैयार करने के कार्य में तेजी लाने, बजट घोषणाओं की क्रियान्विति की कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करने व संपर्क पोर्टल प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए। बैठक में संयुक्त सचिव श्री अरविन्द सारस्व्त, अतिरिक्त निदेशक मुख्यालय महेश माथुर, अतिरिक्त निदेशक जय गुरुबख्सानी, ओएसडी श्रीकृष्ण शर्मा, एसजी सुनील कुमार वर्मा, एसएमई जयपुर एनएस शक्तावत, प्रताप मीणा, भरतपुर सुनील शर्मा, एडीजी गोपालाराम, एसएन डोडिया, अधीक्षण भूवैज्ञानिक संजय सक्सैना, हरिसिंह नाथावत सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

## दस लाख के माल सहित शातिर नकबजन गिरफ्तार

**जयपुर।** सदर थाना पुलिस ने नकबजनी की वारदात करने वाले एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार कर चोरी गया पूरा माल बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 10 लाख रुपए मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात, नकदी और दस्तावेज 100 प्रतिशत बरामद किए हैं। फिलहाल पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है।पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) हनुमान प्रसाद ने बताया कि सदर थाना पुलिस ने नकबजनी की वारदात करने वाले शातिर नकबजन बीस वर्षीय सुरज सिंह उर्फ बित्तू निवासी मजदूर नगर हसनपुरा हाल राकड़ी सोडाला) को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी सदर, सोडाला और श्याम नगर थानों में चोरी के प्रकरण दर्ज हैं और वह जेल जा चुका है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी गए चार भारी चांदी के कड़े, दो हल्के कड़े, एक चांदी की माला व लॉकेट, दो कानों के झुमके, पांच छोटे लॉकेट, 14 जोड़ी पैरों की बिछुड़ी, एक कान का आभूषण, दो बड़े-छोटे लॉकेट सहित अन्य चांदी के आभूषण व दस्तावेज बरामद किए।